महापौर परिषद का बड़ा निर्णय, पटरी पार के 10 प्रमुख सड़कों का होगा सौंदर्यीकरण, मेट्रो सिटी की सड़कों की तरह नजर आएंगी सड़कें, आकर्षक लाइटिंग एवं म्यूरल पेंटिंग सहित सौंदर्यीकरण के होंगे सभी काम, शहर की सुंदरता को मिलेगा नया आयाम, महापौर निधि से होंगे काम

भिलाई नगर/ महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुई। आज महापौर परिषद ने अहम निर्णय लेते हुए सड़कों के सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण फैसला लिया है। महापौर की निधि से शहर के प्रमुख 10 सड़कों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए महापौर की निधि 2 करोड़ 25 लाख खर्च होगी। ज्यादातर सड़कें पटरी पार की है। महापौर ने शहर विकास एवं नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अपनी निधि से सौंदर्यीकरण करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसी के साथ ही हजारों की संख्या में रोजाना आवाजाही वाले सड़कों का कायाकल्प होगा , राहगीरों एवं आम नागरिकों को इससे सुविधा मिलेगी। ज्यादातर सड़कें नेशनल हाईवे से होकर भिलाई शहर के भीतर के क्षेत्रों में जाने वाले रास्ते पर है। मेट्रो सिटी में जैसी सड़कें होती है वैसे ही सड़कें भिलाई में नजर आएगी। प्रथम चरण में सुपेला घड़ी चौक से राजेंद्र प्रसाद चौक तक तथा नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल चौक तक की सड़कों का कायाकल्प होगा। सड़कों के किनारे आकर्षक लाइटिंग , लैंडस्कैपिंग, फाउंटेन एवं पार्किंग आदि की व्यवस्था होगी। इन सड़कों से गुजरने वाले लोगों को दिन के अलावा रात्रि में भी अलग ही नजारा प्रतीत होगा। हजारों लोगों का प्रतिदिन इन सड़कों से आना जाना होता है, दिनभर इस सड़क पर आवाजाही रहती है, यह शहर का प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्ग है जिसको देखते हुए महापौर एवं महापौर की परिषद ने इसके सौंदर्यीकरण करने का फैसला लिया है। एक हाईटेक सिटी की तरह एक चौक से दूसरे चौक तक की सड़कों का सौंदर्यीकरण होगा। इसके अतिरिक्त महापौर परिषद की बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रुप से सिविक सेंटर चौपाटी का विकास होगा, शहर का हृदय स्थल सिविक सेंटर एक आकर्षक और अलग स्वरूप में नजर जाएगा , इसकी स्वीकृति भी महापौर परिषद ने दी है। आज की बैठक में प्रमुख रूप से महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू , एकांश बंछोर, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, नेहा साहू, मीरा बंजारे, मालती ठाकुर, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, लाल चंद वर्मा एवं मन्नान गफ्फार खान तथा जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , येशा लहरे एवं पूजा पिल्ले , सचिव जीवन वर्मा महापौर के निज सचिव वसीम खान, शरद दुबे, दिलीप कुरुवे, अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।